प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।
2. भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–रोटी, बेटी, माटी की रक्षा हमारा संकल्प, झारखंड में लागू होगा एनआरसी।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा की गोगो दीदी योजना के फॉर्म भरवाने के अभियान को बताया चुनाव आयोग के नियम का उल्लंघन, कड़ी कार्रवाई का दिया निर्देश।
4. भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा– आचार संहिता लागू होने से पहले राजनीतिक दलों को अपने–अपने कार्यक्रम संचालित करने का है अधिकार।
5. रांची में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मैचों में झारखंड, मध्यप्रदेश, हरियाणा और ओड़िशा ने जीते अपने अपने मैच।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड से दो अक्टूबर को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्श अभियान चलाया है जो वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के विकास को लेकर मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सभी मुख्यमंत्रियों से इस अभियान की खुद निगरानी करने का आग्रह किया।

अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा है और इससे किसी का भला नहीं होने वाला। श्री शाह ने नक्सलवाद से जुड़े सभी युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की अपील की है।

****

झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पार्टी का विस्तृत घोषणा पत्र जल्द जारी होगा। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही एनआरसी लागू किया जायेगा।

****

भारतीय जनता पार्टी की ओर से गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाने पर झारखंड में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। झामुमो की ओर से आपत्ति जताए जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी उपायुक्तों को नियम तोड़नेवालों पर केस दर्ज करने का निर्देश दिया है।

****

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने कहा है कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता चुनाव अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभावी होती है। अधिसूचना जारी होने से पहले सभी राजनीतिक दल को अपने कार्यक्रम संचालित करने का अधिकार है।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भाजपा के प्रति जनता के बढ़ते रुझान और समर्थन से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बौखला गये हैं। श्रीमरांडी ने कहा कि पंच प्रण के तहत गोगो दीदी योजना द्वारा भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों में सरकार बनने के तुरंत बाद 2,100 रुपए प्रति माह भेजे जाएंगे। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से फार्म भरवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे केस–मुकदमों से डरने वाले नहीं हैं और खुद फॉर्म भरवायेंगे।

****

जमशेदपुर शहर में चार्जिंग स्टेशन की कमी के कारण इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों का रूझान कम दिख रहा है।

****

शारदीय नवरात्र के छठे दिन आज वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देवी दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूरे विधि–विधान के साथ पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माता के कात्यायनी स्वरूप की आराधना से रोग, शोक और संताप का हरण होता है।

इधर दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी रांची समेत राज्यभर में उत्साह का माहौल है। रांची के आधे से अधिक पंडाल खुल चुके हैं और कुछ कल खुलनेवाले हैं।

****

साहिबगंज जिले में दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने पूजा पंडालो का निरीक्षण किया। वहीं पूजा कमेटी के सदस्यों को कई निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद है।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर झारखंड पर दिख रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 11 अक्तूबर तक राज्य के सभी हिस्सों में बादल छाये रहेंगे और कई स्थानों पर बूंदाबांदी हो सकती है।

****

राजधानी रांची में चल रही 14वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मैचों में झारखंड, मध्यप्रदेश, हरियाणा और ओड़िशा ने अपने अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। मध्यप्रदेश ने उत्तरप्रदेश को 2–0 से, झारखण्ड ने महाराष्ट्र को 3–0 से, हरियाणा ने पंजाब को 3–1 से और ओड़िशा ने छत्तीसगढ़ को 5–1 से हराया।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने भाजपा की गोगो दीदी योजना पर राजनीतिक सरगर्मी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– चुनाव आयोग के निर्देशों का हो पालन, नियम तोड़ें तो करें केस, जबकि बाबूलाल मरांडी के हवाले से लिखा है कि मैं खुद भरवाऊंगा फॉर्म, हम डरेंगे नहीं।

हिंदुस्तान के शब्द हैं– गोगो दीदी फॉर्म भरवाने पर मचा सियासी घमासान।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– गोगो दीदी पर घमासान, हेमंत ने फॉर्म भरनेवालों पर प्राथमिकी के दिये निर्देश।

दैनिक भास्कर और रांची एक्सप्रेस ने रांची में अपोलो अस्पताल के शिलान्यास की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****